# आवधिक परीक्षा ( प्रथम)

## 2024-25

## विषय -हिंदी

## कक्षा - छठी

**समय :1.30 घंटे**

**पूर्णांक : 40**

**नाम** :- ____________ **अनुक्रमांक** :- __________

**अनुभाग** :- __________ **दिनांक** :- _ _________

.

निर्देश : **1. सुलेख और वर्तनी की शुद्धता का विशेष ध्यान रखें ।**

**2. सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार ही दें ।**

**3. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।**

**खंड (क)) <u>पठन / वाचन</u>**

- **(अपठित गद्यांश) (5)**

**प्रश्न- 1. अपठित गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षेप में उत्तर दीजिए -**

समय **बहुत मूल्यावान होता है। यह बीत जाए तो लाखों-करोड़ों रुपये खर्च करके भी इसे वापस नहीं लाया जा सकता। इस संसार में जिसने भी समय की कद्र की है, उसने सुख के साथ जीवन गुजारा है और जिसने समय की बर्बादी की, वह खुद ही बर्बाद हो गया है। समय का मूल्य उस खिलाड़ी से पूछिए, जो सेकंड के सौवे हिस्से से पदक चूक गया हो। स्टेशन पर खड़ी रेलगाड़ी एक मिनट के विलंब से छूट जाती है। आजकल तो कई विद्यालयों में देरी से आने पर विद्यालय में प्रवेश भी नहीं करने दिया जाता। छात्रों को तो समय का मूल्य और भी अच्छी तरह समझ लेना चाहिए, क्योंकि इस जीवन की कद्र करके वे अपने जीवन के लक्ष्य को पा सकते हैं।**

(क) उपरोक्त गद्यांश में कीमती किसे माना गया है? ( 1)

(i) जीवन को (ii) अनुशासन को (iii) समय को (iv) खेल को

(ख) किसने सुख के साथ जीवन गुजारा ? (1)

(i) जिसने दुनिया में खूब धन कमाया
(ii) जिसने मीठी बाणी बोली
(iii) जिसने समय की कद्र की
(iv) जिसने समय को बर्बाद किया

( ग) सेकंड के सौवें हिस्से से पदक कौन चूक जाता है ? (1)

(i) खिलाड़ी जिसने मामूली अंतर से पदक गंवा दिया हो
(ii) वह यात्री जिसकी ट्रेन छूट गई
(iii) उपर्युक्त दोनों लोग
(iv) इनमें कोई नहीं

(घ) छात्रों को समय की कद्र करने से क्या लाभ होता है ? ( 1)

(ङ) इस गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक क्या होगा ? लिखो – ( 1)

**<u>पठित पद्यांश</u>** (5)

ऊँचा खड़ा हिमालय
आकाश चूमता है,
नीचे चरण तले झुक,
नीती सिंधु झूमता है।
गंगा, यमुना, त्रिवेणी,
नदियाँ लहरा रही हैं ,
जगमग छटा निराली,

पग पग छहर रही हैं ।

(1) कौन आकाश चूमता है ? (1)

(i) हिमालय (ii) नदी (iii) धरती (iv) सिंधु

(2) कौन लहर रही हैं ? (1)

(I) गंगा (ii) यमुना (iii) त्रिवेणी (iv) गंगा यमुना त्रिवेणी

(ग) नित कौन झूमता है ? (1)

(i) यमुना (ii) गंगा (iii) सिंधु (iv) जमुना

(घ) पद्यांश में से दो तुक वाले शब्द ढूँढकर लिखिए । (1)

(ङ) पद्यांश। में से दो नदियों के नाम ढूँढकर लिखिए । (1)

## <u>खंड ( ख) व्याकरण</u> (15)

(1) राम की लिखावट सुंदर है। ( इस वाक्य में संज्ञा शब्द है-) (1)

(i) की (ii) सुंदर (iii) राम (iv) है

(2) ये आम मीठे हैं । (इस वाक्य में विशेष शब्द है - ) (1)

( i) मीठे (ii) ये ( iii) आम (iv) हैं

( ग) निम्नलिखित शब्दों में से क्रिया शब्द कौन – सा है ? (1)

( i) भोजन ( ii) पढ़ना ( iii) मैं ( iv) लाल

( घ) सही विकल्प चुनकर अधूरे शब्द को पूरा कीजिए – (1)

वि_____लय

(I) न (ii) द्या ( iii) का (iv) ज

(ङ) वचन कितने प्रकार के होते हैं ? (1)

(i) एक (ii) दो (iii) तीन ( iv) चार

**( च ) अन्य एक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए - (2)**

**(i) जो कपड़े सिले - ________________**

**(ii) जो हमारा इलाज करें ________________**

**(छ)) दिए गए शब्दजाल से दो शब्दों का निर्माण कीजिए – (2)**

**कमलककड़ी**

**(I) __________ ( ii) ___________**

**(ज)वचन-बदलिए (2)**

**( i) नारी -- ________ (ii) पुस्तक - _________**

**(झ) नीचे दिए गए शब्दों के लिए विलोम शब्द लिखिए । (2)**

**(i) काला - ________ (ii) ऊपर - _________**

**(ञ) नीचे दिए गए शब्दों के लिए पर्यायवाची शब्द लिखिए (2) –**

**(I) आकाश - _________ (ii) सूरज - __________**

## <u>खंड ( ग) रचनात्मक लेखन</u> ( 15)

**( क) पत्र लेखन - (5)**

**प्राचार्य महोदय को चार दिन के अवकाश के लिए प्रार्थना पत्र लिखिए।**

**अथवा।**

**अपने मित्र को कक्षा में प्रथम आने पर बधाई पत्र लिखिए ।**

**( ख) अनुच्छेद लेखन - (5)**

**मेरा विद्यालय अथवा मेरा प्रिय मित्र**

**(3) चित्र – वर्ण न (5)**

**नीचे दिए गए चित्र को ध्यानपूर्वक देखिए और फिर इसका। चित्र वर्णन कीजिए –**

